समाचार

पोड़ीबहार बस्ती में स्ट्रीट लाईट का लाईटअप किया महापौर ने

(निगम द्वारा 35 खंभे लगाकर लगाई गई है एल.ई.डी.स्ट्रीट लाईट)

कोरबा 01 अगस्त 2019—महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने वार्ड क्र. 29 पोड़ीबहार में निगम द्वारा स्थापित की गई स्ट्रीट लाईट का लाईटअप किया, उन्होने लोकार्पण पट्टिका का अनावरण एवं स्वीच आन कर नवस्थापित स्ट्रीट लाईट को जनता जनार्दन की सेवा में समर्पित किया।

नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा कोसाबाड़ी जोन के अंतर्गत आने वाले वार्ड क्र. 29 पोड़ीबहार में 10 लाख रूपये की लागत से स्ट्रीट लाईट की स्थापना का कार्य किया गया है, जिसके अंतर्गत 35 विद्युत खंभे लगाकर उन पर एल.ई.डी.लाईट लगाई गई हैं। महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने स्थल पर आयोजित लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान उक्त नवस्थापित स्ट्रीट लाईट को जनता की सेवा में समर्पित किया। इस अवसर पर महापौर श्रीमती अग्रवाल ने कहा कि निगम द्वारा विगत साढ़े 04 वर्षो के दौरान अन्य विकास कार्यो एवं नागरिक सेवाओं की बेहतरी के साथ—साथ निगम क्षेत्र की समस्त विद्युतविहीन बस्तियों, पारों, मोहल्लों तथा मार्गो में बिजली जैसी आवश्यक सुविधा उपलब्ध कराने का कार्य प्राथमिकता के साथ किया गया है, जिसके परिणाम स्वरूप आज निगम क्षेत्र की लगभग हर बस्ती, हर मोहल्ला, पारा व मार्ग बिजली के प्रकाश से रोशन हो रहे हैं, थोड़े बहुत कार्य जो शेष बचे हैं, उन पर भी कार्यवाही की जा रही है। लोकार्पण कार्यक्रम के पश्चात महापौर श्रीमती अग्रवाल ने वार्ड के उपस्थित नागरिकों से भेंट की तथा उनकी आवश्यकताओं एवं समस्याओं पर सीधी चर्चा की, नागरिकों द्वारा समस्याएं बताए जाने पर उनके त्वरित निराकरण के निर्देश अधिकारियों को दिए।

लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान पूर्व सभापति संतोष राठौर, वार्ड पार्षद प्रदीप जायसवाल, वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री कुसुम द्विवेदी, सपना चौहान, प्रेमलता मिश्रा, राजेन्द्र सिंह ठाकुर, नारायण सिंह ठाकुर, दिलदार सिंह, छबिराम कर्ष, जय कौशिक, संतोषी बाई, पुनीराम बरेठ, ओंकार सिंह ठाकुर, बुद्धेश्वर ठाकुर, माधुरी राय, लक्ष्मीबाई महंत, टिकेश्वरी राठौर,

श्यामा प्रजापति, संतोषी महंत, अमरीका बाई, पूर्णिमा महंत, गीता यादव, इंदू देवी, उषा देवी, गौरी पटेल, सरफिना खातुन, सत्यप्रकाश बनाफर आदि के साथ काफी संख्या में वार्डवासी उपस्थित थे।